राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# शहादत को सलाम

जयपुर, 07 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा के रंगडोरी क्षेत्र में आतंकी हमले के दौरान शहीद हुए झुंझुनूं जिले के ग्राम छावसरी निवासी 23 वर्षीय जवान छत्रपाल सिंह की शहादत को सलाम किया है।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

——

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की शुभकामनाएं

जयपुर, 07 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि '' हम कोरोना वैश्विक महामारी से लड रहे है। मेरा प्रदेशवासियों से आग्रह है कि वे घर पर रहें, स्वस्थ रहें ताकि हम कोरोना को मात दे सकें।''

राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष इस दिवस की थीम सपोर्ट नर्स एण्ड मिडवाइव्स है। मेरा प्रदेशवासियों से अनुरोध है कि वे नर्सों का समर्थन करें, उन्हें सहयोग करें ताकि हमारा प्रदेश स्वस्थ रह सके।''

——

# 30 प्रतिशत राशि कोविड–19 में जनमानस को राहत देने की मुहिम में देगें
# राज्यपाल श्री कलराज मिश्र
## वित्तीय वर्ष 2020–21 में प्रत्येक माह अपने वेतन की 70 प्रतिशत राशि ही लेगें

जयपुर, 07 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र वित्तीय वर्ष 2020–21 के प्रत्येक माह में अपने वेतन की 70 प्रतिशत राशि ही लेंगे। श्री मिश्र ने बताया कि उनके वेतन की 30 प्रतिशत धन राशि राज्य कोष में ही रहेगी। राज्यपाल श्री मिश्र के वेतन की 30 प्रतिशत राशि कोरोना वायरस जनित '' कोविड–19'' वैश्विक महामारी के कारण उतपन्न हुई राष्ट्रव्यापी आपदा का प्रभावी रूप से सामना करने, इस महामारी के संक्रमण को रोकने और सामान्य जनमानस को राहत देने की मुहिम में सहयोग के लिए होगी।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 के प्रत्येक माह में तीस प्रतिशत राशि नही लेने के निर्णय से सम्बन्ध का पत्र राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार ने राज्य के मुख्य सचिव श्री डी.बी. गुप्ता को आज भेज दिया है।

——

**डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा**
**सहायक निदेशक, (जस.) राज्यपाल**